**डेडलाइन निकली...** विभागीय तालमेल में अटके प्रोजेक्ट, कई योजनाएं अधूरी

**प्रगति रिपोर्ट में खुलासा**

# पीडब्ल्यूडी की फाइलों में ही बन रहीं 386 करोड़ की सड़कें

## जो सड़कें 2022 और 2023 तक पूरी हो जानी चाहिए थीं, वे आज भी अधूरी, डेडलाइन बढ़ाकर 2027 कर दी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) संभाग ग्वालियर के अंतर्गत स्वीकृत करोड़ों की सड़क परियोजनाएं विभागीय तालमेल की कमी, अतिक्रमण, कोर्ट स्टे और ठेकेदारों की हीलाहवाली के कारण तय समय-सीमा से पिछड़ रही हैं। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की हालिया बैठक में पीडब्ल्यूडी द्वारा पेश प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि योजना मद की कुल 386.12 करोड़ की 27 सड़कों कुल लंबाई 134.18 किमी में से कई महत्वपूर्ण सड़कों पर काम शून्य है, या अधर में लटका है। इन सड़कों को पूरा करने की डेडलाइन 2027 की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन 27 सड़कों में से अब तक 154.52 करोड़ की राशि के अनुबंध निष्पादित किए जा चुके हैं और 140.41 करोड़ व्यय हो चुके हैं। हालांकि, कागजों में भौतिक प्रगति भले ही दिखाई दे रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि शहर की प्रमुख कनेक्टिंग सड़कें और ग्रामीण पहुंच मार्ग वर्षों बीत जाने के बाद भी अधूरे हैं। 15.10 करोड़ के बहुप्रतीक्षित अटल गेट से बहोड़ापुर मार्ग का काम जनवरी 2022 में ही पूरा होना था, लेकिन लेटलतीफी के कारण अब इसकी मियाद मार्च 2027 तक खिंच गई है।



### अटके व शून्य प्रगति वाले प्रमुख प्रोजेक्ट्स की स्थिति

| | |
|---|---|
| 7.49 करोड़ | शिंदे की छावनी से मेंटल चौराहा तक सड़क बननी है लेकिन एलिवेटेड प्रस्तावित होने के कारण अनुबंध ही नहीं हुआ। |
| 15.27 करोड़ | दुर्गादास चौराहा से सागरताल होते हुए बहोड़ापुर तक मार्ग बनना है, जो शासन स्तर पर अब तक विचाराधीन है। |
| 97.02 लाख | बहोड़ापुर चौराहा से कुष्ठ आश्रम फोरलेन (नाला) निर्माण होना है लेकिन अतिक्रमण के चलते कार्य शुरू नहीं हो सका। |
| 67.38 करोड़ | 24.50 किमी जौरासी-आंतरी-एराया-कछौआ-बड़कीसराय मार्ग बनना है। जिसकी टेंडर प्रकिया चल रही है। |
| 20 करोड़ | 6 किमी भितरवार बाइपास रोड निर्माण की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी गई है। |

### कहीं जनता का विरोध, कहीं चौड़ाई की कमी तो कहीं वन विभाग की एनओसी नहीं मिली

- चार शहर का नाका से मलगढ़ा तिराहा फोरलेन मार्ग पर नाला निर्माण कार्य (लागत 7.02 करोड़) को स्थानीय निवासियों द्वारा विरोध कर रोक दिया गया है, जिससे यहां केवल 20 फीसदी काम हो सका है।
- ग्राम पंचायत गुर्री मुख्य मार्ग से गोशपुरा और पारसेन बीजासेन माता से अन्नाने के पुरा तक के लिए संबंधित एसडीएम ने रिपोर्ट दी है कि सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त चौड़ाई में स्थल उपलब्ध ही नहीं है।
- किसान सडक निधि के तहत स्वीकृत उटीला रोड से बंजारों का पुरा (रतनसिंह का पुरा) मार्ग (1.12 करोड़) का काम वन विभाग से अनुमति न मिलने के कारण शून्य प्रगति पर अटका है।
- बड़ेरा से दुहिया मार्ग (5.40 करोड़) में कुछ हिस्से पर कोर्ट स्टे होने से 30% पर काम रुका है। वहीं, एनएच-44 जड़ेरुआ-सूरों-चन्दूपूरा-गुठीना मार्ग (43.91 करोड़) में भू-अर्जन के कारण काम प्रभावित हुआ है।

### विभागों के समन्वय के आभाव में देरी

विभागों के समन्वय के आभाव में देरी होती है। प्रोजेक्ट के साथ सभी विभागों से समन्वय स्थापित किया जाए तो प्रोजेक्ट समय पर पूरे सकते हैं। वन विभाग के क्षेत्र में 2 हेक्टेयर से ऊपर की अनुमति है, वह दिल्ली से होती है। सड़क के टेंडर के साथ पोल शिफ्टिंग का काम भी होता है। अलग-अलग विभाग का काम है।

**- देवेंद्र भदौरिया,** सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी



# पुलिस की ऐसी वर्किंग है तो भगवान ही बचाए: हाईकोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** गुमशुदा युवती के मामले में गुना पुलिस की कार्यप्रणाली पर हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की। जस्टिस जीएस अहलूवालिया और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच ने कहा, अगर पुलिस की कार्यकुशलता ऐसी है, तो भगवान ही पुलिस विभाग को बचाए। कोर्ट ने यह टिप्पणी तब की, जब सामने आया कि पुलिस जिस युवक के जीजा से पूछताछ कर रही थी, वह युवक लगातार अपने जीजा के संपर्क में था। बावजूद पुलिस उसका पता नहीं लगा सकी। मामले में पेश युवती ने कोर्ट को बताया, वह बालिग है और उसने अपनी मर्जी से राजू अग्रवाल से शादी की है। वह माता-पिता के साथ नहीं जाना चाहती। कोर्ट ने युवती को उसके पति के साथ भेजने का निर्देश दिया।

### 11 अगस्त से थी लापता

गुना निवासी पिता ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में बताया था कि बालिग बेटी 11 अगस्त 2026 से लापता है। आरोन थाने के एएसआइ अशोक सिंह रघुवंशी और महिला आरक्षक आकांक्षा त्यागी युवती को कोर्ट में पेश करने पहुंचे। पुलिस ने बताया कि युवती और युवक की लगातार तलाश की जा रही थी, लेकिन दोनों खुद थाने में हाजिर हो गए। युवती ने कोर्ट में कहा कि शादी के बाद वह और राजू जबलपुर में अलग-अलग होटलों में रह रहे थे, लेकिन वह होटलों के नाम नहीं बता सकी।

# पन्ना: अबतक का सबसे बड़ा हीरा मिला, कीमत 2 करोड़ा से ज्यादा



**पन्ना@ पत्रिका.** हीरा खदान संचालित करने वाली एनएमडीसी में 27.29 कैरेट का जेम क्वालिटी का हीरा मिला है। एनएमडीसी के अनुसार मार्च 2024 में खदान दोबारा शुरू करने के बाद यह अब तक सबसे बड़ा जेम श्रेणी का हीरा है। इससे पहले जुलाई 2026 में 13.16 कैरेट का हीरा इस श्रेणी में सबसे बड़ा था। यह हीरा नियमित खनन के दौरान किम्बरलाइट अयस्क के प्रसंस्करण में प्राप्त हुआ। हीरा कारोबारियों के अनुसार यह दो करोड़ से भी ज्यादा में नीलाम हो सकता है। प्रबंधन ने बताया कि 2024 से अब तक खदान से लगभग 14 हजार कैरेट के हीरे प्राप्त हो चुके हैं।


**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
**26- ARERA HILLS, JAIL ROAD, BHOPAL**
No./Const./BN/Seoni/26-27/543 Bhopal, Dated : 16.09.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from Contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for various Construction and maintenance work of **New mandi yard Kalamgaon of Mandi Samiti Pandhurna Distt. Seoni. Tender Number : 2026_MPSAM_536522 (PAC amount Rs. 181.09 Lakh)** Construction of CC approach and CC Internal road, **Tender Number : 2026_MPSAM_536523 (PAC amount Rs. 40.00 Lakh)** Maintenance of Existing Structure and Maintenance of Covered auction platform, **Tender Number : 2026_MPSAM_536525 (PAC amount Rs. 82.98 Lakh)** Construction of Compound wall and Main gate with Check post 2 Nos. and **Tender Number : 2026_MPSAM_536526 (PAC amount Rs. 9.90 Lakh)** Water arrangement work such as Tube well, Pump house, Piyao and Pipe line. The following works Tender to be Received online **up to 17:00 on 09.10.2026.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www. mpmandiboard.gov.in**
M.P. M./128092/2026 **EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**



**म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
विपणन संघ
मुख्यालय : जहांगीराबाद, भोपाल-462008 (म.प्र.)
फोन : 0755-2678482, 2678419
ई-मेल : mpscmf@gmail.com, mp.markfed@mp.gov.in
वेबसाइट : www.mpmarkfed.mp.gov.in
क्र./बैठक/3717/2026 भोपाल, दिनांक : 15.09.2026

**56वें वार्षिक साधारण सम्मिलन की सूचना**

विपणन संघ के समस्त अंशधारियों को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ के सदस्यों का **56वां वार्षिक साधारण सम्मिलन दिनांक 28 सितम्बर 2026 (सोमवार) को दोपहर 12.15 बजे से विपणन संघ मुख्यालय, भोपाल** के नवीन भवन स्थित सभागार में आयोजित किया गया है।
सम्मिलन की सूचना कार्यसूची सहित ई-मेल/डाक के माध्यम से समस्त माननीय सदस्यों को भेजी जा चुकी है। **यदि यह सूचना किसी सदस्य संस्था को प्राप्त न हो सकी हो तो कृपया विपणन संघ की सदस्य संस्थाएं इसी प्रकाशन सूचना को अधिकृत एवं आमंत्रण मानते हुए म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ में** प्रतिनिधित्व हेतु अधिकृत सदस्य को सम्मिलन में भाग लेने के लिए अवगत कराने हेतु निवेदित है। संस्थाओं के अधिकृत प्रतिनिधि संघ के सम्मिलन में उपस्थित होने पर अपनी संस्था से अधिकृत प्रतिनिधि होने का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर आयें।
म.प्र. माध्यम/128097/2026 **प्रबंध संचालक**


## इनसाइड के शेष...

### 13 साल बाद...

**2013 चुनाव से पहले हुई थी घटना-** नवंबर 2013 में प्रदेश में विधानसभा चुनाव थे। राज्य में भाजपा की सरकार थी, डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे। 10 साल से विपक्ष में बैठी कांग्रेस जीत के लिए जोर लगा रही थी। राज्य में परिवर्तन यात्रा शुरू करने वाली थी। 25 मई 2013 की शाम जब सुकमा में परिवर्तन रैली समाप्त कर कांग्रेस नेताओं का काफिला जगदलपुर लौट रहा था, तभी दरभा की झीरम घाटी में नक्सलियों ने आइईडी ब्लास्ट कर और पेड़ गिराकर रास्ता रोक दिया। इसके बाद अंधाधुंध गोलीबारी कर नेताओं और जवानों की हत्या कर दी गई।

### 100 प्रतिशत..

इन उत्पादों पर होगा असर: टैरिफ का सबसे ज्यादा नुकसान हमारे इलेक्ट्रॉनिक्स (खासकर स्मार्टफोन), दवाइयों (फार्मास्यूटिकल्स), कपड़ा उद्योग, गहने (रत्न और आभूषण) और ऑटोमोबाइल पार्ट्स के निर्यात को झेलना पड़ सकता है।

### वेतन सीमा...

अब सरकार का पेंशन सब्सिडी बजट बढ़ जाएगा। कर्मचारियों का योगदान 1800 रुपए से बढ़कर 3000 रुपए हो जाएगा। इससे कर्मचारियों को अधिक पेंशन मिलेगी, पर उनकी टेकहोम सैलरी घट जाएगी। बढ़ेगा।

### तीन साल पहले...

ब्लड बैंक पर होगी एफआइआर: प्रसूता कल्पना और गर्भस्थ शिशु की मौत के मामले में अथर्वन ब्लड बैंक पर आपराधिक केस दर्ज कराया जाएगा। ब्लड बैंक की निगरानी करने वाले औषधि निरीक्षक राधेश्याम बट्टी को निलंबित कर दिया गया है। कार्रवाई खाद्य एवं औषधि नियंत्रक ने की। ज्ञात रहे कि कल्पना को बिना लाइसेंस वाले इसी ब्लड बैंक का खून चढ़ाया गया था।

**पिता को धरनास्थल से उठाया:** उधर, न्याय की मांग को लेकर 15 दिन से अनशन पर बैठे कल्पना के पिता रामशिरोमणि को प्रशासन ने बुधवार को धरनास्थल से उठाकर अस्पताल पहुंचाया

## जैकेट के शेष

### जिस पितृ...

ये व्यवस्था की थी प्रस्ताव में: वर्षा ॠतु तथा रविवार एवं अवकाश के दिनों में पितृ पर्वत पर निगम के पदाधिकारी-पार्षद एवं उद्यान विभाग के कर्मचारी पितृ पर्वत पर रहेंगे। जनसामान्य को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। पौधरोपण करने वाले जनसामान्य व अतिथियों के स्वागत सत्कार भोजन हेतु अन्य आवश्यक व्यवस्था करने की भी स्वीकृति दी गई थी। यहां हरियाली और अन्य खर्चों को नगर निगम के व्यय मद क्रमांक 942064 बगीचों व मनोरंजन स्थलों का मेंटेनेंस 40 लाख रुपए के किए प्रावधान से करने के लिए आयुक्त को अधिकृत किया गया। मेयर इन काउंसिल कामकाज संचालन नियम 1998 के प्रावधान धारा 6 (3) के अन्तर्गत पोस्टर /बैनर / टेंट / ध्वनि व्यवस्था एवं साज संगीत व अन्य व्यवस्थाएं कोटेशन लेकर न्यूनतम भाव पर करने की स्वीकृति दी गई। इन सभी काम कराने की जिमेदारी विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी संतोष मोदी को दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया था।

### युवा...

कार्तिक मेला ग्राउंड में सात लाख दीपों से प्रधानमंत्री की आकृति बनाई जाएगी। भाजपा की राष्ट्रीय कमान संभालने के बाद पहली बार मध्यप्रदेश आ रहे अध्यक्ष नितिन नबीन और सीएम डॉ. मोहन यादव रामघाट पर शिप्रा की आरती कर दीपोत्सव का शुभारंभ करेंगे। आयोजन में 25 हजार वालंटियर तैनात किए गए हैं। शिप्रा तट को सेक्टर्स में बांटा गया है।

### कारण बताओ ...

राज्य सरकार द्वारा गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में कथित अवैध उत्खनन के एवज में टिकरिया खदान, जिसका क्षेत्रफल 20.002 हेक्टेयर है, से 1,13,81,94,280 रुपए तथा प्रतापपुर खदान, 11.578 हेक्टेयर, से 1,20,69,41,910 रुपए की वसूली प्रस्तावित की थी। दोनों खदानों को मिलाकर यह राशि 234 करोड़ रुपए से अधिक है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर जबलपुर ने खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(5) के तहत कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे।

याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि जांच समिति का गठन वैधानिक प्रावधानों के तहत नहीं किया गया था। साथ ही, मूल साक्ष्य उपलब्ध कराए बिना इतनी बड़ी राशि की वसूली का नोटिस जारी करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।


**M.P. POWER GENERATING COMPANY LTD.**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (P&W), A.T.P.S., CHACHAI**
Phone : 07659-299469, Email : sepnwatps23@gmail.com, Mobile No. : 9425808855
No. 001-04/P&W/NIT/1706 Chachai, dtd. : 11.09.2026

**NOTICE INVITING TENDER "Through E-tendering only"**

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai:-

| Tender-ID | Tender Particulars | Estimate Cost (Rs.) | Tender Cost (in Rs.) | BID SUBMISSION END DATE & TIME | Date & Time of Opening of E-tender |
|---|---|---|---|---|---|
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_ 526128 | Supply, installation and commissioning of 01 No. VFD with all related EPC works for 6.6KV, CEP motors installed at 210 MW ATPS MPPGCL Chachai. | 23895944/- | 5000/- | Dtd. 28.09.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 30.09.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_ 513512_3 | Work contract for dismantling from old exchange room and shifting to new exchange room of new ECR building and erection, installation, testing and commissioning of BPL make 500 line exchange EPABX model from new ECR building (new exchange room) to old exchange | 1360540/- | 1000/- | Dtd. 21.09.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 24.09.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_ 530229 | Work contract for regular engagement of operator of gates at various crossing along railway track from ATPS MPPGCL Chachai. | 9843650/- | 2000/- | Dtd. 06.10.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 09.10.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_ 532033 | Procurement of Light weight wheel skate trolley for broad gauge for ATPS MPPGCL Chachai. | 1168495/- | 1000/- | Dtd. 05.10.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 07.10.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_ 526104 | Procurement of Laptops, Desktops, UPS & printers for construction office 1x660 MW Ultra Supercritical unit at ATPS MPPGCL Chachai. | 1468641/- | 1000/- | Dtd. 05.10.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 07.10.2026 from 15:30 hrs. onwards |
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_ 519141 | Biennial work contract for round the clock routine/preventive/breakdown/emergency minor maintenance of electrical system and motors of CHP 210 MW ATPS MPPGCL Chachai | 7906571/- | 2000/- | Dtd. 28.09.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 01.10.2026 from 15:30 hrs. onwards |

**Note :-** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** for any change in specification/technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in,** any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.
M.P. Madhyam/128074/2026 **SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)**



**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
विपणन संघ
मुख्यालय : जहांगीराबाद, भोपाल
क्र./यॉ.शा./720/2026 भोपाल, दिनांक : 15.09.2026

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा विधायक निधि अंतर्गत कृषक विश्राम शेड निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएँ दिनांक 28.09.2026 को सायं 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2408 | शेड निर्माण व अतिरिक्त कार्य डबल लॉक खाद गोदाम **बहोरीबंद जिला कटनी** (विधायक निधि) (1st Call) | 4,92,827.00 |

**नोट:-**
01. आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।
02. फण्ड प्राप्त होने की दशा में ही निविदा स्वीकृत की जावेगी।
म.प्र. माध्यम/128076/2026 **मुख्य अभियन्ता (सि.)**



**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
क्रमांक : 478/का.यं. 01/ई-निविदा/भोविप्रा/2026 भोपाल, दिनांक : 15.09.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा प्रपत्र में वर्णित पंजीयन एवं पात्रता संबंधी मानदंडों को पूर्ण करने वाले ठेकेदारों एवं प्रतिष्ठित फर्मों/कंपनियों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा प्रक्रिया द्वारा प्रतिशत दर आधार पर ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. सं. | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत P.A.C. (रुपये) | अरनेस्ट मनी डिपोजिट ई.एम.डी. (रुपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (पोर्टल फीस के अलावा) (रुपये) | कार्य पूर्ण करने हेतु निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ DTCP_ 536267 | Supplying and erection of 8 No's of multi circuit monopole complete for 132KV DCDS line of 132/33 KV EHT electrical substation at salaiya, Bhopal (Bhopal Development Authority) | 13,21,60,024/- | 10,00,000/- | Rs. 35,400/- (portal fees & G.S.T. are payable in addition to this amount) | 06 Months |

1. निविदा संबंधित अन्य विस्तृत विवरण वेबसाइट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं पोर्टल फीस की राशि क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग सिस्टम के माध्यम से उल्लेखित वेबसाइट पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र **दिनांक 16.09.2026 को 10.30 बजे से दिनांक 08.10.2026 को 18.00 बजे तक** क्रय किये जा सकते हैं। अन्य Key Dates संबंधित Bid Data Sheet में देखी जा सकती है।
3. निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उल्लेखित वेबसाइट पर ही सूचित किए जायेंगे।
4. अन्य संबंधित जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस व समय में प्राप्त की जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/128095/2026 **कार्यपालन यंत्री, संभाग क्र.-1**



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**Bank of Baroda**
आंचलिक दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जबलपुर
द्वितीय तल, जेडीए बिल्डिंग, ब्लॉक-10, सिविक सेन्टर, मढ़ाताल जबलपुर-482002 (म.प्र.)
फोन : 0761-2480150, 2480160
ई-मेल : armbja@bankofbaroda.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
परिशिष्ट - IV क [ नियम 6 (2) एवं 8 (6) का परन्तुक देखें ]

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं / या नियम 8(5), 8 (6) एवं 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

**आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित / वास्तविक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" निम्न वर्णित ऋणियों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी। बकाया राशि / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी दिनांक एवं समय एवं धरोहर राशि नीचे दर्शाई गई है।**

| ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण यदि कोई ज्ञात भार हो एवं संपत्ति मालिक का नाम | कुल बकाया | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | सांकेतिक/ भौतिक कब्जे की स्थिति | संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋणी-**1. मेसर्स जबलपुर फूडटेक प्राइवेट लिमिटेड** पता : C/o मॉडर्न बुक हाउस, चंद्रिका टॉवर, जबलपुर, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) 482001 **2. मेसर्स जबलपुर फूडटेक प्राइवेट लिमिटेड** पता : गाँव और मौजा नटवारा, आरआईसी. और तहसील शाहपुरा, ज़िला जबलपुर (म.प्र.) 483119 **3. श्री आशीष बोथरा, पिता श्री अशोक बोथरा (डायरेक्टर)** पताः बंगला नंबर 46 फेज II, अनंतारा कॉलोनी, तिलहरी बिलहरी, जबलपुर (म.प्र.) 482020 **4. श्रीमती नीता सुराणा, पत्नी श्री अरुण सुराणा (डायरेक्टर)** पताः फ्लैट नंबर 3201, कृष्णा हाइट्स, दूसरी मंज़िल, गौरी घाट मेन रोड, पोलीपाथर, जबलपुर (म.प्र.) 482008 **5. श्री आशीष बोथरा, पिता श्री अशोक बोथरा (जमानतदार)** पताः बंगला नंबर 50 फेज II, अनंतारा कॉलोनी, तिलहरी बिलहरी, जबलपुर (म.प्र.) 482020 **6. श्रीमती नीता सुराणा, पत्नी श्री अरुण सुराणा (जमानतदार)** पताः 1779/ए, राइट टाउन, अरुण डेयरी के पीछे, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) 482001 **7. श्रीमती नीता सुराणा, पत्नी श्री अरुण सुराणा (डायरेक्टर)** पताः फ्लैट नंबर 3209, कृष्णा हाइट्स, दूसरी मंज़िल, गौरी घाट मेन रोड, पोलीपाथर, जबलपुर (म.प्र.) 482008 **8. श्री अरुण सुराणा, पिता श्री जतन मल सुराणा (जमानतदार)** पताः फ्लैट नंबर 3201, कृष्णा हाइट्स, दूसरी मंज़िल, गौरी घाट मेन रोड, पोलीपाथर, जबलपुर (म.प्र.) 482008 **9. श्री अरुण सुराणा, पिता श्री जतन मल सुराणा (जमानतदार)** **पताः** फ्लैट नंबर 3209, कृष्णा हाइट्स, दूसरी मंज़िल, गौरी घाट मेन रोड, पोलीपाथर, जबलपुर (म.प्र.) 482008 **10. श्री अरुण सुराणा, पुत्र श्री जतन मल सुराणा (जमानतदार)** पताः 1779/ए, राइट टाउन, अरुण डेयरी के पीछे, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) 482001 | 1. बंधक संपत्ति दुकान नं. 19, ग्राउंड फ़्लोर पर बिल्ट-अप एरिया 300 वर्गफीट है और जिसमें 104 वर्गफीट का अविभाजित भाग शामिल है, कॉपोरेशन लीज प्लॉट नंबर 133 का भाग एवं डायवर्जन प्लॉट नंबर 693/1 एवं डायवर्जन शीट नंबर 155/डी पर निर्मित स्थित मौजा सुभाष नगर, सर्वे नं. 773, पी.पी. नं. 31, आर.आई.सी. जबलपुर-1 जिसे चंद्रिका टॉवर अपार्टमेंट, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, तहसील और ज़िला जबलपुर के नाम से जाना जाता है। **संपत्ति मालिक- श्री अरुण सुराना पुत्र श्री जतन मल सुराना चर्तुसीमाएँ:** उत्तर- रास्ता, दक्षिण- दुकान नंबर 20, पूर्व- दुकान नंबर 18, पश्चिम- चंद्रिका अपार्टमेंट। बंधक संपत्ति दुकान नं. 20, ग्राउंड फ़्लोर पर बिल्ट-अप एरिया 198 वर्गफीट, कॉपोरेशन लीज प्लॉट नंबर 133 का भाग एवं डायवर्जन प्लॉट नंबर 693/1 एवं डायवर्जन शीट नंबर 155/डी पर निर्मित स्थित मौजा सुभाष नगर, सर्वे नं. 773, पी.पी. नं. 31, आर.आई.सी. जबलपुर-1 जिसे चंद्रिका टॉवर अपार्टमेंट, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, तहसील और ज़िला जबलपुर के नाम से जाना जाता है। **संपत्ति मालिक- श्री अरुण सुराना पुत्र श्री जतन मल सुराना चर्तुसीमाएँ:** उत्तर- दुकान नंबर 19, दक्षिण- दुकान नंबर 21, पूर्व- रास्ता और फिर दुकान नंबर 18, पश्चिम- चंद्रिका अपार्टमेंट। | ₹ 59357565/- +ब्याज एवं अन्य खर्च | 07.10.2026 दोपहर 2.00 बजे से 6.00बजे तक | ₹ 87,31,000/- / ₹ 8,73,100/- / ₹ 50,000/- | भौतिक कब्जा | 06.10.2026 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक |

**विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction देखें। इच्छुक निविदाकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से 0761 2480150 मोबाइल नं. 9810553775. पर सम्पर्क कर सकते हैं।**
**तारीख : 17-09-2026, स्थानः जबलपुर**
**प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**